प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 27.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की कानून व्यवस्था के सवाल पर विधानसभा के बाहर और भीतर भाजपा का जोरदार हंगामा, बजट सत्र की कार्यवाही बाधित।
2. भाजपा नेता की हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद को सफल बनाने सड़कों पर उतरे पार्टी कार्यकर्ता, चौक–चौराहों को किया जाम, कई बंद समर्थक हिरासत में।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आरोप– राज्य में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर हेमंत सरकार विफल, कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा– हिंसा पर राजनीति उचित नहीं।
4. एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ बिहार दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा का आज जमशेदपुर में स्नेह मिलन समारोह, बिहार–झारखंड की साझी सांस्कृतिक विरासत की मिलेगी झलक।
5. रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण में आज शाम मेजबान झारखंड का हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा से होगा मुकाबला।

***********************

विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन राज्य की कानून व्यवस्था के सवाल पर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने सदन के भीतर जोरदार हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्षी सदस्य वेल में घुस आये और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने 12 बजकर 55 मिनट तक के लिए कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की।

***********************

इससे पहले भाजपा विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर भी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाये। वे राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राजधानी रांची में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रांची में पुलिसिंग व्यवस्था चौपट हो गयी है।

इस बीच, मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार और पुलिस बेहतर तरीके से काम कर रही है। अनिल टाइगर हत्याकांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है और जल्द ही सभी अपराधी पुलिस के शिकंजे में होंगे।

***********************

इधर, भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद को सफल बनाने पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे आये हैं। रिंग रोड, रांची–सिल्ली रोड, मेन रोड, हरमू रोड, धुर्वा, बुटी मोड़, रातू रोड , पिस्का मोड़ समेत कई प्रमुख चौक–चौराहों को कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर जाम कर दिया है। रांची बंद कराने निकले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव समेत कई पार्टी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

***********************

रांची के सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे हैं। वे रातू रोड में विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सेठ ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य में कानून व्यवस्था कायम रख पाने में विफल है।

इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि हिंसा की घटनाओं पर राजनीति उचित नहीं है।

***********************

सिमडेगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी पिता को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। आरोपी पर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

***********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए बिहार दिवस के अवसर पर आज जमशेदपुर महानगर भाजपा की ओर से बिस्टुपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जमशेदपुर महानगर भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि समारोह में बिहार और झारखंड की साझी सांस्कृतिक विरासत, रीति–रिवाजों और परंपराओं का संगम देखने को मिलेगा।

***********************

चतरा जिले में राज्य का पहला वाइल्ड लाइफ ओवरपास एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जायेगा। इसकी पहल तेज कर दी गयी है।

***********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की निचली अदालतों में मार्निंग कोर्ट की व्यवस्था समाप्त कर दी है। अब अदालतें नियमित रुप से सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चलेंगी।
- पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में आइएएस अधिकारी आशीष गंगवार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग और पुलिस की टीम ने अवैध शराब और स्प्रीट की बड़ी खेप पकड़ी है।
- रामनवमी जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जमशेदपुर में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला।

***********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम साफ होते ही तापमान बढ़ने लगा है। तीन दिनों में रांची का अधिकतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह मौसम के शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

***********************

रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण में आज शाम मेजबान झारखंड का मुकाबला हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा से होगा। लीग का फाइनल मैच कल शाम छह बजे से खेला जायेगा।

*******************